# दीघा से बिहटा तक जेपी गंगा पथ 6 लेन का होगा

## दीघा से शेरपुर तक गंगा नदी के ऊपर एलिवेटेड सड़क बनाने की तैयारी

बदलता पटना

पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। जेपी गंगा पथ का दीघा से बिहटा तक 35.5 किलोमीटर में विस्तार होगा। चार लेन की जगह अब छह लेन का पुल और सड़क बनेगी। दीघा से शेरपुर तक गंगा पर एलिवेटेड बनेगा। वहीं शेरपुर से **1** बिहटा तक एलिवेटेड और बांध पर सड़क बनाई जाएगी, जो कोईलवर के नवनिर्मित छह लेन पुल में जुड़ेगा।

इसके निर्माण पर लगभग 7600 करोड़ की लागत आने का अनुमान। इस सड़क के बनने से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, आरा, छपरा, गोपालगंज, बक्सर जाने में लोगों को सुविधा होगी। इसके साथ ही पटना शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) ने इसका प्रस्ताव, प्राक्कलन और डिजाइन तैयार कर विभाग को भेज दिया है। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान 21 फरवरी को निर्माण को लेकर विधिवत घोषणा होने की संभावना है। इसके बाद कैबिनेट से मार्च में स्वीकृति की उम्मीद है।



जेपी गंगा पथ के इसी गोलंबर से नई सड़क बनेगी।

**7600** करोड़ से पुल और सड़क का होगा निर्माण कार्य

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, आरा, छपरा, गोपालगंज, बक्सर जाने में होगी सुविधा
- सीएम की प्रगति यात्रा के दौरान होगी घोषणा, मार्च में कैबिनेट से मिलेगी स्वीकृति

### सड़क बनने से लोगों को यह होगी सुविधा

दीघा से बिहटा तक सड़क बनने से लोगों को आवागमन करने में काफी सुविधा होगी। इसका जुड़ाव दीघा में जेपी गंगा पथ से, जेपी सेतु और जेपी सेतु के समानांतर निर्माणाधीन छह लेन पुल से, पाटिल पथ, अशोक राजपथ एवं अटल पथ से होगा। शेरपुर में शेरपुर-दिघवारा निर्माणाधीन पुल, पुराना एनएच-30 (छितनावां) और बिहटा में बिहटा सरमेरा पथ, बिहटा एयरपोर्ट और कोईलवर सेतु से होगा।

### 17 किमी होगा एलिवेटेड और 18.5 में तटबंध पर बनेगी सड़क

दीघा से बिहटा की लंबाई 35.5 किमी है। इसमें दीघा से शेरपुर की लंबाई 12.5 किमी है। यहां पर गंगा के ऊपर एलिवेटेड पुल बनेगा। शेरपुर से बिहटा के बीच की दूरी 23 किलोमीटर है। इसमें 4.5 किलोमीटर एलिवेटेड और 18.5 किमी में जल संसाधन विभाग के पथ-बंध (बांध पर सड़क) पर सड़क का निर्माण होगा। इस छोर पर जेपी गंगा पथ के छितनावां में फोरलेन फोरलेन एलिवेटेड अंडरपास का भी निर्माण किया जाएगा। दीघा से शेरपुर के बीच टोल गेट बनाने की योजना है।

# ट्रांसपोर्ट नगर में ₹12 करोड़ से बनेगी सड़क

- ट्रांसपोर्ट नगर म में 1.7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा
- लाखों की आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क निर्माण पर 12.18 **2** करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। नगर विकास एवं आवास विभाग ने मंगलवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इलाके में 1.7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। इससे लाखों की आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना 90 के दशक में हुई थी। यहां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से वाहन माल ढुलाई के क्रम में आते-जाते हैं। यहां की जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग चैंबर ऑफ कॉमर्स और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने की थी। ट्रांसपोर्ट नगर में भी पीसीसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण के बाद स्थानीय लोगों को बरसात में होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी।